Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 05-06-2023 | अंक 584

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## हाइवा के चपेट में आने से युवक की गई जान

### मृतक युवक यज्ञ में शामिल होने कोडरमा जा रहा था



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के कोवाड कोडरमा मुख्य मार्ग पर मरकोडीह गांव के पास बीते रविवार को देर रात हाइवा के चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की जान चली गई।मृतक युवक दो चचेरे भाई के साथ एक बाइक पर सवार होकर कोडरमा के दशारो यज्ञ में शामिल होने जा रहा था कि यह घटना हो गई।स्थानीयों लोगो ने बताया कि हाइवा से ओवरटेक करने में बाइक के पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर गया और पीछे से रही हाइवा ने कुचल दिया जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।मृतक युवक बिरनी थाना क्षेत्र के सरण्डा गांव निवासी भूना पासवान का 20 वर्षीय पुत्र शनि पासवान बताया गया।मृतक युवक के साथ उसका दो चचेरा भाई सन्दीप पासवान ओर सचिन पासवान भी उसी बाइक पर सवार था।इधर घटना के बाद हाइवा का चालक भागने में सफल रहा।बिरनी पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच पडताल कर रही है।

## दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, दो रिम्स रेफर

**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ डीही मुरुप रोड में चौताग ग्राम के पास दो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों बाइक में सवार 3 लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।सभी घायलों कोउ में तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की पहचान मजीद(24),इरफान(23)तथा रवि भगत (टिम्की) के रूप में कई गई।

## बरही : गर्मी में टैंकर की पानी से प्यास बुझा रहे कोनरा के ग्रामीण



**अपेम लाइव : बरही**

बढ़ती गर्मी के कारण बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनरा के ग्रामीण इन दिनों टैंकर की पानी से अपना प्यास बुझाने को विवश है। ग्रामीणों ने बताया की लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण जल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। प्राकृतिक जलस्रोत सूखने से हमलोग टैंकर के पानी से प्यास बुझाने को मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया की जलस्रोत सूखने से कोनरा में दिन पर दिन पानी का संकट गहराता जा रहा है। जिससे ग्रामीणों की परेशान बढ़ने लगी है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कहा की पानी की किल्लत को देखते हुए हम सभी ग्रामीण टैंकर की पानी से प्यास बुझाने को मजबूर है। वहीं इस बात की जानकारी प्रमुख मनोज रजक को मिलने पर ग्रामीणों से मिलकर उन्होंने जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलाने की बात कही है।

APEM LIVE

# बेंदगी में 48 लाख के लागत से बना भव्य विवाह भवन बना शोभा का वस्तु

## रास्ता सही नहीं होने के कारण अभी तक मात्र इस विवाह भवन में एक शादी हुई है संपन्न





**अपेम लाइव : बरही**

बरही (हजारीबाग) : प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के उजैना में जिस उद्देश्य से विवाह भवन बनाया गया वह अब अधूरा दिख रहा है। जब यह भवन बन रहा था तो गरीब माता-पिता को आस लगी थी कि अपने बच्चों का विवाह इस भवन में कम पैसों में कर सकेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। क्योंकि विवाह भवन तो बनकर तैयार हो गया लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ नही बनाया गया। बता दे की रूर्बन मिशन योजना के तहत लगभग 48 लाख के लागत से भव्य विवाह भवन का निर्माण किया गया है, लेकिन विवाह भवन तक पहुंच पथ नही होने के कारण बेकार साबित हो रहा है। मार्ग सही नहीं होने के कारण लोगों को अपने बच्चों के विवाह करने में कठिनाई हो रही है। खासकर सबसे ज्यादा परेशानी बरसात में होती है क्योंकि खेत में लबालब पानी भरा रहता है। इस संबंध में मुखिया सिकंदर राणा ने बताया कि विवाह भवन तो बनाया गया लेकिन विवाह भवन तक कैसे पहुंचे इसके लिए सुगम रास्ता नहीं तैयार किया गया। जिसके कारण पंचायत के लोगों को इस विवाह भवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि छः महीना पहले इस भवन को उन्हे हैंडओवर किया गया। जिसके बाद से सिर्फ एक शादी ही इस विवाह भवन में हो पाई, अब बरसात आने को है खेतों में पानी लबालब भर जाएगा। इस भवन तक पहुंचने के लिए काफी परेशानियां होगी। वहीं उन्होंने वर्तमान विधायक व प्रशासनिक पदाधिकारियों से विवाह भवन तक पहुंचने के लिए रास्ता निर्माण करने का मांग किया ताकि पंचायत वासियों को इस विवाह भवन का लाभ मिल सके। वही गरीब माता - पिता अपने बच्चे का विवाह इस भवन में कम खर्चे में कर सकें।

# शादी की झांसा देकर यौनशोषण किया बाद में इनकार करने पर नाबालिक छात्रा ने कुवें में छलांग लगाई

## मो कैफ को पुलिस ने रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ किया तब जाकर मामले का खुलासा हुआ



पुलिस ने कैफ के भाई और चचा को जेल भेजा




**अपेम लाइव : बिरनी**

पहले सोची समझी साजिश के तहत बिरनी थाना क्षेत्र के थोरिया गांव निवासी मो कैफ अंसारी ने शादी का झांसा देकर बैदापहरी गांव की रहने वाली एक नाबालिक छात्रा से योन सम्बन्ध बनाया बाद में शादी से इनकार करने के बाद छात्रा ने कुवें में छलांग लगाई। इस बात की पुष्टि पुलिस के सामने मो कैफ ने किया।साथ ही आरोपी ने स्वीकार किया कि मृतिका उसके साथ रहना चाहती थी मो कैफ ने उसे विद्यालय के पास छोड़कर घर चला गया जब मृतिका उसके घर गई तो मो कैफ के भाई आरिफ अंसारी चाचा मकबूल अंसारी व हातिम अंसारी ने उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया तब जाकर मृतिका ने थोरिया निवासी कुर्बान अंसारी के कुवें में छलांग लगाई थी।इस मामले में अभी तक मो कैफ अंसारी आरिफ अंसारी मकबूल अंसारी व हातिम अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और मृतिका के माँ के आवेदन के आधार पर बिरनी थाने में कांड संख्या 104/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है।बतादें की इस घटना के बाद नाबालिक छात्रा को कुवें से बेहोसी की हालत में निकाला गया था । घर लाते लाते उसने दम तोड़ दिया।इस मामले का खुलासा सात दिन में करने में एसडीपीओ नोसाद आलम इंस्पेक्टर नवीन कुमार सिंह व थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह का अहम भूमिका रहा है।क्योंकि सभी आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर हजारो की संख्या में लोगो ने मशाल जुलूस निकाला ।और विहिप ओर बजरंग दल के लोगो ने भी सभी आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग किया था।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया कर्मा में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण, 50000 पौधे लगाने का लक्ष्य

**अपेम लाइव : बरही**


आईसीएआर में पौधारोपण करते संस्थान के वैज्ञानिक के स्टूडेंट्स

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरिया कर्मा में वन विभाग की सहयोग से परिसर के अंदर सामूहिक पौधारोपण अभियान का शुभआरंभ किया। संस्थान मानसून मौसम में 50,000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। संस्थान के विशेष कार्य अधिकारी डॅा. विशाल नाथ ने बताया कि आईएआरआई परिसर को सुंदर, शीतल और हरा-भरा बनाने के लिए संस्थान के प्रांगण मे वृहदस्तर पर पौधरोपण की तत्काल आवश्यकता है । ताकि देश के विभिन्न राज्यों से आने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों को एक स्वस्थ एवं सुंदर पर्यावरण का लाभ मिल सके, साथ ही साथ वृक्षारोपण से जलवायु परिवर्तन और लू से भी लड़ने में मदद भी मिलेगी। संस्थान के वैज्ञानिक और छात्रों ने वृक्षारोपण में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजक पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की विषयवस्तु "प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं" है। उन्होंने कहा कि हालांकि प्लास्टिक के कई मूल्यवान उपयोग हैं, परंतु, प्लास्टिक के निरंतर उपयोग से गंभीर स्वास्थ्य, पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक समस्या की भी उत्पति हो रही है । आज हम एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों के आदी हो गए हैं। दुनिया भर में हर मिनट मे लगभग दस लाख प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती हैं और हर साल लगभग पांच ट्रिलियन प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल किया जाता है। कुल मिलाकर, उत्पादित प्लास्टिक का आधा भाग केवल एक बार उपयोग किया जाता है और फिर फेंक दिया जाता है। इसतरह दुनिया भर में हर साल लगभग 400 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। इनमें से 19-23 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा प्रतिवर्ष झीलों, नदियों और समुद्रों में फैल रहा है और इसके कारण लगभग 800 से अधिक समुद्री और तटीय प्रजातियां प्रभावित हो रहीं हैं। इस कार्यक्रम मे संस्थान के वैज्ञानिक डॉ बी एन मण्डल, डॉ मनोज चौधरी, डॉ अभय गिरी, डॉ कृष्ण प्रकाश, डॉ निरंजन, डॉ आशा, डॉ भारती, डॉ नुजाइबा एवं वन विभाग के अधिकारी श्री अमर उज्वल आदि ने सक्रिय रूप से वृक्षारोपण मे भाग लिया ।

## पर्यावरण संतुलन एवं संरक्षण के लिए हरेक व्यक्ति को पौधारोपण जरूरी : प्रबंधक

### पवन पुत्रा फैक्ट्री में लगाए गए दर्जनों फलदार एवं छायादार पौधे, 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य





**अपेम लाइव : बरही**

बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र में संचालित मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन बरही के निर्देशानुसार सोमवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बरही औद्योगिक प्रक्षेत्र के अंर्तगत संचालित पवन पुत्रा फैक्ट्री में पौधारोपण किया गया। फैक्ट्री के प्रबंधक के बीके तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों पौधे लगाए गए। इस अवसर पर फैक्ट्री प्रबंधक बीके तिवारी ने कहा की हमलोग फैक्ट्री के अंदर एवं बाहर पर्यावरण कैसे शुद्ध बना रहे, पर्यावरण कैसे मानव जीवन के अनुकूल बना रहे, इसके लिए हमलोग प्रयासरत रहते हैं। प्रत्येक सीजन में 500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा जाता है। जिसके आधार पर अब तक पिछले तीनों सालों में फैक्ट्री परिसर के अंदर 1500 से अधिक पौधे लगा चुके है। फैक्ट्री के अंदर हरियाली है। आने वाले एक साल के अंदर 1000 और पौधे लगाने का लक्ष्य रखे हैं। जल्द ही फेज वाइज पौधे लगाने की शुरुआत की जायेगी। इधर मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन बरही के अध्यक्ष पीके गर्ग एवम सचिव राजीव अग्रवाल ने बताया की जियाडा में संचालित सभी स्टील फैक्ट्री में प्रत्येक साल सीजन वाइज पौधे लगाए जा रहे है। पूरे प्रक्षेत्र में 7000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। सभी फैक्ट्री में समय समय पर पौधे लगाए जाते रहे हैं और आगे भी लगाए जाते रहेंगे। पौधरोपण के समय बीके तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, सुनील यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड के परहाटोली पंचायत के अंतर्गत शाहपुर ग्राम के सुबोध खलखो उम्र 35 वर्ष द्वारा ग्राम कुरोकला में अपने रिस्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई कर रही नेत. रहाट थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर लड़की परिजनों के साथ सोमवार को महुआडांड़ थाना में केस दर्ज करने पहुंची। वही महुआडांड़ पुलिस द्वारा आरोपी सुबोध खलखो को गिरफ्तार करके थाना लाया गया है। क्या था मामला दुष्कर्म पीड़ित नाबालिक लड़की अपने रिश्तेदार के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। नाबालिग लड़की नेत. रहाट थाना क्षेत्र के चोकिपोखर, होरेंग की रहने वाली है। हमलोग उसे घर पर रखकर पढ़ाई करा रहे थे। इस वर्ष मेट्रिक का प्रतिक्षा दी है। फर्स्ट डिव. ीजन से पास हुई है। लेकिन इस घटना के बाद डिप्रेशन में है, 29 मई को घर के बगल में लोटा बहुरत (मंगनी) का कार्यक्रम चल रहा था। उसी रात को हमलोग घर में नहीं थे। लड़की अकेली थी। जंहा सुबोध खलखो मौका पाकर घर में घूसा और कमरे में सोई हुई लड़की का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर धमकी दिया कि किसी को नहीं बताये नहीं तो जान से मार देंगे। दूसरे दिन लड़की की तबीयत खराब हुई। उसे इलाज के लिए महुआडांड़ लाया तो पता चला। इससे पूछने पर उसने पूरी घटना हमे बताई ।यह भी बताया कि पहले से छेड़खानी करता रहता था। हमलोगों द्वारा जब इसकी खबर शाहपुर में उसके घर जा कर दी गई तो गांव के लोगों के द्वारा बैठक कर मामले को रफा-दफा किया जा रहा था। जहां हम लोगों के द्वारा महुआडांड़ थाना में लड़की द्वारा मामला दर्ज कराया गया है।इस संबंध में आरोपी सुबोध खलखो ने बैठक में पंच के सामने बताया कि हम दोनों बहुत दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे। मर्जी से संबंध बनाये। हमलोगों की फोन पर बात होती थी।

## श्री जगन्नाथ रथयात्रा में बरही की भागीदारी को लेकर बैठक, बुधवार को बरही बाजार में होगा हरिनाम संकीर्तन

### रथयात्रा में सवार भगवान को देखने मात्र से मिलती है मुक्ति : डॉ केशवानंद

### रथयात्रा ऐतिहासिक होगा, शामिल हों हर लोग : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**


बरही शिव मंदिर में बैठक में मौजूद लोग

आगामी 20 से 24 जुन तक चौपारण में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव में बरही अनुमंडल की संपूर्ण भागीदारी को लेकर बरही ब्लाक परिसर में स्थित शिव मंदिर परिसर में बैठक हुई। श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर बेहद सुखद और सफल बैठक में डॉ केशवानंद प्रभु ने उपस्थित प्रमुख जनों को रथयात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने रथयात्रा की महता का प्रसार करते हुए धार्मिक शास्त्रों में वर्णित अनेक तथ्यों की चर्चा की। रथयात्रा की महता का बखान किया। बताया कि रथयात्रा में रथ पर सवार वामन को देखने मात्र से जीव के जन्म मरण के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। ऐसे में उन्होंने बरही अनुमंडल के सभी प्रखंडों बरही,पदमा, बरकट्ठा, चलकुशा के धर्म प्रेमी भक्तों को बीस जुन की रथयात्रा के लिए आमंत्रित किया। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक मनोज यादव ने काफी उत्साह बढाते हुए रथयात्रा की सफलता की कामना के साथ सहयोग का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हर साल होगा। इस तरह के आयोजन में सभी लोगों की भागीदारी होनी चाहिए। उनकी प्रेरणा से बरही जिप सदस्य प्रतिनिधि व विहिप के वरिष्ठ नेता गुरुदेव गुप्ता, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन साहु सहित बरही विहिप के सभी प्रमुख जनों ने सहयोग का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से बुधवार को बरही बाजार में हरि संकीर्तन तथा घुम घुमकर निमंत्रण का निर्णय लिया गया। पंचायतों में प्रमुख जनों के माध्यम से प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया। रथयात्रा के पहले दिन बीस से तीस हजार भक्तों के जुटने की संभावना जताई गई। बैठक में विहिप के नंदकिशोर कुमार, चंदन केशरी, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, मिथलेश श्रीवास्तव, प्रदीप चंद्रवंशी, आकाश जायसवाल, शंकर साव, मनोज साव, सन्नी भगत, संजय दुबे समेत कई अन्य मौजूद थे।




## भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने किया पौधरोपण

**अपेम लाइव : बरही**



बरही भाजपा नेत्री रिंकी उर्फ सुषमा विश्वकर्मा ने पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में वृक्षारोपण किया। साथ ही उन्होंने पर्यवारण दिवस की विशेषता को बताते हुए कहा की प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश यह है की पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया जा सकें। जिसको लेकर इस दिन जगह - जगह पेड़ लगाए जाते है ताकि आने वाले समय में हमारी पीढ़ियों को कोई परेशानी ना हो। साथ ही उन्होंने कहा की हमारा पृथ्वी जो हमारा घर है, जहां हम मनुष्य, पशु - पक्षी एवं पौधे निवास करते है। इसके ही पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रेन्बो स्कूल के बच्चों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण को संतुलित रखने का दिया संदेश

### पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी : सिकन्दर कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही के बच्चों ने पौधारोपण किया एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पेंटिंग भी बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण व वृक्ष के कटाव से वातावरण में होने वाले परिवर्तनों को चित्र के माध्यम से दर्शाया। विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि लगातार बढ़ रहे पर्यावरण के खतरे को देखते हुए हमें सभी को सचेत रहने की जरूरत है। हमें वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पौधारोपण एवं पेंटिंग करने वालों मे लवली कुमारी, अरवज हुसैन, टाइगर रौशन, टाइगर श्रवण, चमेली कुमारी, दीपिका कुमारी, यूसुफ अंसारी आदि है।

## डीएलएसए के तहत मन का मिलन पखवाड़ा का अयोजन, दी गई कानूनी जानकारी,परिसंपतियों का वितरण

### मध्यस्थता से दोनो पक्षों की होती है जीत, समय और धन की होती है बचत : विकास सोनी

**अपेम लाइव : बरही**


ट्राइसाइकिल का वितरण करते अतिथि एवं अन्य

बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सोमवार को आम लोगों को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की और से मन का मिलन पखवाड़ा के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एलएलडीसी विकास सोनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता के.के वर्मा, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीडीपीओ नीलू कुमारी, कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, एमओ मुकेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय एवं पंसस जीतू ठाकुर शामिल हुए। सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने बारी - बारी से कार्यक्रम को संबोधित भी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास सोनी ने कहा की लोग छोटे - छोटे विवाद के कारण अधिकांश समय न्यायलय में नष्ट कर देते है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन कर इसके माध्यम से वादों के निष्पादन किया जाता है। जिससे समय और पैसे की बचत होती है। ऐसे ही विवादों के निपटारा के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिससे लोगों को सुलभ और जल्द बिना किसी खर्चे का न्याय मिल सके। इसमें दोनो पक्षों के बीच मध्यस्थता कर आपसी विवादो को बिना किसी खर्चे का निपटारा किया जाता है। कार्यक्रम के उपरांत जेएसएलपीएस की और से बरही पूर्वी पंचायत के नैना आजीविका सखी मंडल बाराटांड़ को 6 लाख, खोड़ाहर पंचायत के कमल आजीविका सखी मंडल कुंडवा को 6 लाख एवं खोड़ाहर पंचायत के अंजली आजीविका सखी मंडल को 3 लाख का चेक भुगतान किया गया। इसके साथ ही 16 पेंशन कार्ड, 11 राशन कार्ड, 2 ज०ब कार्ड और एक दिव्यांग के बीच ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। मौके पर सैकड़ो महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## नाबालिक छात्रा के हत्यारे को बीच चौराहे पर फांसी पर लटकाया जाए : स्वामी सीताराम शरण

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी थाना क्षेत्र के मनकडीहा पंचायत के नाबालिग छात्रा की निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। चंद पल सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इस घटना ने पूरे देश को मर्माहत कर दिया है। घटना से मर्माहत राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण ने आरोपी को सरेआम बीच चौराहे पर फांसी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से क्रुरता की सारी हदें पार किया वह कहीं से भी क्षम्य नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई हो और त्वरित गति से न्याय हो। उन्होंने कहा कि लगातार हिन्दू लड़कियों व महिलाओं को लक्षित कर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है यह कहीं न कहीं सरकार और प्रशासन की विफलता है। आज घर से निकलने में महिलाएं डर रहीं हैं, खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं कि कहां उनके साथ कौन सी घटना घट जाए। सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल साबित हो रही है। स्वामी सीताराम शरण ने कहा कि आज मेरा समाज जिस जीवनशैली को अपना रहा है वह चिंतनीय है। किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की। अगर किसी ने हिम्मत की होती तो वह आज शायद हम सबों के बीच होती। वहीं, राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि जिस तरह से हत्या हुई इससे पूरा देश मर्माहत है। पुलिस मामले की गहनता से जांच करे। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले की सुनवाई हो और आरोपी को फांसी दी जाए। श्री सिंह ने हिन्दू लड़की व महिलाओं से आह्वान किया कि वह द केरल स्टोरी फिल्म को देख जागरूक हों और साहिल जैसे वहशी दरिंदों से दूर रहें, उनके बहकावे में न आवें। साथ ही अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जिस तरह से घटनास्थल पर लोग आते-जाते मूकदर्शक बने रहे अगर लोगों को यही रवैया रहा तो साहिल जैसे दरिंदे घटना को अंजाम देते रहेंगे और द केरल स्टोरी जैसी फिल्म बनती रहेगी। श्री सिंह ने हिन्दू युवकों से आह्वान किया कि वह घटना पर तुरंत प्रतिशोध दर्ज कराएं अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हम ऐसे ही बीच सड़कों पर मारे जाएंगे।

## स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम से बच्चों में भी आयेगी पर्यावरण के प्रति जागरूकता : भरत यादव

### विश्व पर्यावरण दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन





**अपेम लाइव : बरही**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत पर्यावरण के संरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। जिन पौधों का रोपण किया गया उनमें अशोक ,आम, कटहल, महोगनी , शीशम,लीची जैसे फलदार एवं छायादार पौधे शामिल हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी भरत यादव , विद्यालय के एलएमसी सदस्य इंद्रदेव यादव, निजामुद्दीन अंसारी शामिल रहे। सभी ने बारी बारी से पौधारोपण किया ।साथ ही उनकी पटवन की। इसके अलावे सभी लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि मनुष्य तभी तक सुरक्षित है जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है ।इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ों का संरक्षण करना होगा। समाजसेवी भरत यादव ने डीएवी स्कूल के द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा की स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चो के बीच भी पर्यावरण के प्रति जागृति आएगी। बच्चे भी पौधे लगाना शुरू करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से नरसिंह शर्मा ,धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, राजेश सिन्हा ,ममता सिंह, रवि उदय सिंह ,गौतम अखौरी ,ललित मिंज, अजय कुमार, अजय कुमार आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के अरारी पंचायत के मध्य विद्यालय मरकोडीह के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इसमें उपस्थित महिला एवं पुरुषों द्वारा शपथ लिया गया कि वह अपने जीवन में प्रत्येक वर्ष 1 पेड़ जरूर लगाएंगे एवं एक पेड़ भी लगाया गया इस कार्यक्रम में अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव ग्राम रोजगार सेवक राजदेव विश्वकर्मा वार्ड सदस्य दुनदुन कुमार सहिया रितु देवी जल सहिया प्रियंका देवी संपूर्ण स्वच्छता अभियान के प्रखंड मोबिलाइजर रुकसाना खातून वर्ल्ड विजन के गजाधर सिंह बबीता देवी सरिता देवी बंसी साहब काशीनाथ यादव समेत दर्जनों महिला पुरुष ने भाग लिया।

## बरही : पर्यावरण दिवस पर बीडीओ ने किया वृक्षारोपण

### पेड़ लगाकर करें पर्यावरण की सुरक्षा : बीडीओ

**अपेम लाइवः बरही**



पर्यावरण दिवस पर बरही बीडीओ सी.आर. इंदवार ने प्रखंड परिसर में अपने कर्मियों के साथ पौधारोपण किया सत्य ही उन्हे बचाने का भी संकल्प लिया। वहीं उन्होंने कहा की हम सभी को साथ मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना है। आने वाले समय में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना है ताकि हमारा वातावरण साफ और स्वच्छ रह सके। साथ ही साथ उन्होंने कहा की प्रकृति का दिया हुआ उपहार पेड़ हमारे जीवन में बहुत महत्व रखता है। पेड़ ही हमारे वातावरण को साफ और प्रदूषणमुक्त रखते है। यही पर्यावरण के सच्चे योद्धा है, जो इसे स्वच्छ और सुंदर बनाए रखते है। पेड़ ही हमारे जीवन का सच्चा जीवन साथी है। पेड़ हमें फल फूल के साथ – साथ हमें दवाई के रूप में औषधियां भी देती है जो हमारे लिए बहुत जरूरी है। जिसको लेकर उन्होंने सभी लोगों से कम से कम एक पेड़ लगाने का अपील की हैं।

## पर्यावरण दिवस पर भाजपाइयों ने किया वृक्षारोपण

**अपेम लाइव : बरही**



बरही में भाजपाइयों ने पर्यावरण दिवस पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के नेतृत्व में दर्जनों फलदार वृक्ष लगाए। जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया की पर्यावरण शब्द जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण तथा वृक्ष का सभी को मिलाकर बनता है, और यह सभी चीजे हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है और उसे प्रभावित करता है। मानव और पर्यावरण एक – दूसरे पर निर्भर होते है। पर्यवरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। मानव की अच्छी – बुरी आदतें जैसे वृक्षों को सहेजना, जलवायु प्रदूषण रोकना, स्वच्छता रखना भी पर्यावरण को प्रभावित करती है। मानव की बुरी आदतें जैसे पानी दूषित करना, बर्बाद करना, वृक्षों की अत्यधिक मात्रा में कटाई करना आदि पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करती है। जिसका नतीजा बाद में मानव को प्राकृतिक अपदाओ का सामना करना पड़ता है। मौके पर राजकुमार यादव, नागेश्वर रजक, नवलकिशोर सिंह एवं अमित सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के जोरी उच्च विद्यालय में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

### हरेक व्यक्ति पर्यावरण को संरक्षण के लिए लगाएं वृक्ष : डीएफओ









**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोरी के प्रांगण में सोमवार को उतरी वन प्रमंडल चतरा के सौजन्य से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने पेड़ लगाकर किया। पेड़ लगाने के कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, प्रमुख इंदु कुमारी, पंचायत की मुखिया रेंजर एवं अन्य गणमान्य लोगों ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। तत्पश्चात मंच पर कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन के लिए अमूल्य अंग है, पर्यावरण के कारण ही हमें ऑक्सीजन मिलती है और हम जीवित हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रत्येक परिवार प्रत्येक घरों में कम से कम 10-10 पौधे लगाएं ताकि आपको ऑक्सीजन मिलता रहे।वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उतरी वन प्रमंडल पदाधिकारी राहुल मीणा ने कहा कि पेड़ पौधे ऑक्सीजन के साथ साथ हमें बेशकीमती इमारती लकड़ी भी देती हैं। पौधों से हमें बेहतर अ‌क्सीजन मिलता है पेड़ पौधों से बेहतर कोई औषधि नहीं है।जो दवा और बीमारी का इलाज मेडिकल में नहीं मिलता है वो दवा हमारे पेड़ पौधों से लोगों को उपलब्ध होता है। उन्होंने लोगों से कहा कि जन्म, शादी विवाह, एवं मृत्यु पर अपने आसपास पेड़ जरूर लगाएं।उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि आपके आस पास जो वन विभाग पौधे लगाती है उसे बचाने का दायित्व आपकी है।वह विभाग आपके सहयोग से ही जंगल को बचाती है।वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने भी लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाने का भी आग्रह किया।दूसरी तरफ प्रमुख इंदु कुमारी ने लोगों से आग्रह किया कि जब भी आप शादी के सालगिरह मनाना है तो सालगिरह के अवसर पर पेड़ जरूर लगाएं। कार्यक्रम को कबक्चम्बा पंचायत के मुखिया कैंडी नगर पंचायत की मुखिया थाना प्रभारी विनोद कुमार एवं अन्य लोगों ने भी संबोधि किया। वही स्कूली बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर संगीत प्रस्तुत किये और नाट्य कला के माध्यम से लोगो से पेंड न काटने एवं बचाने का संदेश दिया।वहीं हंटरगंज प्रखण्ड के कोबना स्कूल के शिक्षक रविंद्र कुमार रवि को पर्यावरण संरक्षण पर बेहतर कार्य करने एवं लोगो को जागरूक करने पर प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया। मौके पर राजेन्द्र सिंह,भीम सिंह,प्रदीप पासवान,बद्री दांगी सहित कई लोग उपस्थित थे।इधर वनरक्षियो ने काला बिल्ला लगाकर सरकार के कार्यो का बहिष्कार किया।बताते चलें कि जो नियमावली बनाया गया है उसके विरोध सरकार का लिया गया निर्णय का विरोध वन रक्षियों ने किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएम स्कूल में वृक्षारोपण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के कपका स्थित पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज के प्रांगण में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु आम ,नीम , कटहल लीची आदि विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया । इस अवसर पर विद्यालय निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने वृक्षारोपण के महत्व को बताते हुए कहा कि मनुष्य तभी तक सुरक्षित है जब तक हमारा पर्यावरण सुरक्षित है । इसके लिए कम से कम पेड़ों का कटाव के साथ ही साथ अत्याधिक पेड़ पौधों को लगाना होगा । इस मौके पर संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार भारती ने कहा कि वृक्ष हमें प्राण वायु के साथ –साथ जीवन जीने के हर प्रकार के संसाधन उपलब्ध करवाते हैं। संस्था के प्रबंधक निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने कहा पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ वन्य जीवों का संरक्षण भी हम मनुष्यों के लिए अति आवश्यक है । संस्था के प्रबंधक राजेश कुमार यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक वर्ष एक से पांच पौधे लगाना चाहिए और उसे अपने बच्चों के जैसा संरक्षण भी करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक शंभू शर्मा, बैजनाथ मंडल, नंदेव कुमार, पवन कुमार, योगेश कुमार ,नेहा कुमारी, ज्योति भारद्वाज, प्रकाश कुमार ,सपना कुमारी, काजल कुमारी ,सीता कुमारी, मानती कुमारी ,आरती कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## एनटीपीसी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाई गई

**अपेम लाइव : बड़कागॉव**



बड़कागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सीकरी साइट स्थित कार्यालय परिसर में मिशन लाइफ एवं विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ को लेते हुए अधिकारियों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अशोक कुमार यादव, क्षेत्रीय अधिकारी झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा के द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलाने के साथ की गई। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं'' है। इसी के अनुरूप परियोजना के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। जिससे लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया जा सके। इस वर्ष विभाग के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ–साथ वृहद मात्रा में पौधारोपण किया गया है। जिससे प्रदूषण के खिलाफ इस लड़ाई में सहायता मिलेगी। इस मौके पर अशोक कुमार यादव एवं नीरज जलोटा के अलावा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खरना पंचायत सचिवालय में ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



खरना पंचायत सचिवालय में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केन्द्र की शुरुआत की गई। मुखिया निर्मला देवी ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। केन्द्र की संचालिका रूपा कुमारी है। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि पंचायत सचिवालय में ग्राहक सेवा केन्द्र खुलने से पंचायत के लोगों को बैंकिंग लेनदेन में काफी सुविधा होगी। पहले इसके लिए विष्णुगढ़ बाजार जाना पड़ता था। ग्राहक सेवा केन्द्र में नया खाता खोलने, लेनदेन, बीमा समेत अन्य कई काम सुलभ तरीके से होंगे। लोगों को परेशानियों से निजात मिलेगी और समय का भी बचत होगा। मौके पर पूर्व मुखिया शिबू सोरेन, प्रधानाचार्य चिंतामणि प्रसाद, राजेश प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, ग्रामीणों के बीच पौधे का वितरण

**अपेम लाइव : बडकागॉव**

बड़कागांव : अदाणी फाउंडेशन ने सोमवार को बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्र परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने पर्यावरण दिवस मनाने के लिए अस्पताल परिसर को चुना, इसके लिए वे उनके शुक्रगुजार हैं। अदाणी फाउंडेशन जो पौधे यहां लगा रहा है, वह सिर्फ छायादार ही नहीं है बल्कि फलदार भी है। यह पौधे बड़े होकर हमारे परिसर को हरा-भरा कर देंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल अदाणी फाउंडेशन की काबिलेतारीफ है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और अगली पीढ़ी के लिए पर्यावरण बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस वर्ष में एक बार न मनाकर हर दिन को पर्यावरण के लिए मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार पर्यावरण दिवस का थीम है कि हमें प्लास्टिक के इस्तेमाल को ना कहना है। इसीलिए सभी लोगों को झोले का इस्तेमाल करना चाहिए।




ग्रामीणों के बीच किया गया पौधों का वितरण

कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन की ओर से अस्पताल और कार्यालय परिसर में करीब जामुन, आम, गुलमोहर, नारियल, अमरूद, लीची, कटहल, करौंज आदि 500 पौधे लगाए गए और ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया।

**प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत**

कार्यक्रम में पिछले दिनों अदाणी फाउंडेशन के द्वारा आयोजित किए गए ड्राइंग कंपटीशन और स्लोगन कंपटीशन के विजेताओं को भी पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली और संकल्प लिया कि वह अपने जीवन में एक पौधा जरूर लगाएंगे। इस अवसर पर गोंदलपुरा खनन परियोजना के प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, महाप्रबंधक आलोक कुमार, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सीएसआर प्रबंधक मोहित कुमार गुप्ता और पर्यावरण प्रबंधक अर्श तिवारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद थे।

चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता रिंकी कुमारी – प्रथम स्थान हरली, रुही प्रवीण – द्वितीय स्थान डाडीकला,अंकिता तिवारी – तृतीय स्थान लंगातू,स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता मो. निका तिवारी – प्रथम बड़कागांव ,चंचला देवी – द्वितीय स्थान बड़कागांव ,संगीता कुमारी – तृतीय स्थान डाडीकला को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले बड़कागांव व केरेडारी के ग्रामीणों ने मनाया पर्यावरण दिवस

**अपेम लाइव : बडकागॉव**



बड़कागांव : बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में नागरिक अधिकार मंच के बैनर तले विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से मनोज गुप्ता व अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार एवं संचालन लखींद्र ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि बड़कागांव पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि जल जंगल जमीन को बचाने के लिए कृत संकल्पित रहना होगा। बड़कागांव मध्य क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ साथ पेड़ बचाना होगा। नदी तालाब पहाड़ पर्वत को बचाने के लिए हर आदमी को पहल करना होगा। मुख्य वक्ता मिथिलेश दांगी ने जल जंगल जमीन पर प्रकाश डाला। केरेडारी के प्रमुख सुनीता देवी, बड़कागांव उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पचड़ा के मुखिया महेश साव,पूर्व जिला परिषद सदस्य केरेडारी के शारदा ऋषि, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, प्रमुख प्रति. निधि हेमंत भुईयां, मुखिया प्रतिनिधि भिखन प्रसाद दांगी, पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला, पूर्व मुखिया मुरारी महतो और तापेश्वर कुमार तापस ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए एकजुट होकर आंदोलन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में केरेडारी की चंचला कुमारी, नेहा देवी एवं खैरातरी की फुदवा देवी ने पर्यावरण से संबधित गीत प्रस्तुत की और लोगों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए संदेश दिया। पर्यावरण बचाने के लिए पौधा संरक्षण करना, जंगलों में आग नहीं लगाना, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना, कोयला छोड़कर सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करना, बहते जल को रोकना, खेती बारी अधिक करते रहना, अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग करना, नदी तालाब पहाड़ पर्वत को बचाना, बालू उत्खनन पर रोक लगाना विषयों पर काम करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में हमेशा साइकिल का प्रयोग कर पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने में अपना योगदान देने वाले लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा समाजसेवी सोनू इराकी ने अहम भूमिका निभाया। मौके पर मुख्य रूप से मनोज साहा ,अवध किशोर यादव, बालेश्वर महतो, कौलेश्वर महतो, धनु प्रसाद निराला, पूनम देवी, जानिसार आलम, विकास उर्फ विनय कुमार, बेलतू पंचायत के मुखिया जितनी देवी, भाजपा के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, कुलेश्वर कुमार, चंदोल के पूर्व मुखिया एचेश्वर राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पढ़ाई दवाई और न्याय, आम आदमी के पहुंच से दूर : अमित पाण्डेय

**अपेम लाइव : लातेहार**





लातेहार : सदर अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने हल्ला बोल रैली का किया। इस रैली हजारों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय के नेतृत्व में बाजार टांड से लेकर समाहरणालय परिसर तक हल्ला बोल रैली निकाली जो समाहरणालय परिसर पर पहुंचने के बाद रैली तीन दिवसीय धरना के रूप में तब्दील हो गई। मौके पर आजसू के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि आज पढ़ाई दवाई और न्याय आम आदमी के पहुंच से दूर हो गया है। लोग अंचल से त्रस्त हो गए है। हमारी दो मांग जिला के उपायुक्त से है अंचलाधिकारी के खिलाफ ईडी को लिखें ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये। जितने भी जमीन के फर्जी कागजात के मामले है उन सभी कागजातों कि फोरेंसिक जांच करवाई जाए। केंद्रीय सचिव ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गई है। ऐसे पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। फर्जी केस में फंसाने की मिल रही धमकी रू श्रवण वहीं सभा को संबोधित करते हुए श्रवण पासवान ने कहा कि हमे धमकी दी जाती है कि आंदोलन करोगे तो फर्जी केस में फंसा देंगे।पर उन्हें नहीं पता है कि आजसू पार्टी आंदोलन से जन्मी हुई पार्टी है। वहीँ जमीन हमारा कागज तुम्हारा नही चलेगा नही चलेगा, दलालो कि शान है फट रहा खतियान है सहित सीओ को बर्खास्त करो के नारें रैली के दौरान लगाया जा रहा था। इस तीन दिवसीय धरना के प्रथम दिन केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह ,जिला सचिव बिरेंद्र ठाकुर,जिला प्रवक्ता नितेश पांडे,जिला उपाध्यक्ष श्रवण पासवान कुंदन जयसवाल ,राजा दुबे, संकर उरांव ,अमर उरांव ने अपनी बातें रखी। पहले दिन धरने की समाप्ती अमित पांडे सभा को संबोधित किया। मौके पर राहुल मिश्र अभिषेक कुमार ताज मोहम्मद ,संजय तिवारी,प्रीतम गुप्ता,रीमा देवी कुंदन तिवारी सोनू राम विकाश कुमार जैनुल अहमद कुलदीप तिर्की अनिल पासवान नंदकिसोर यादव नब्बू भुइया ईश्वर दयाल सिंह जगु सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के माध्यम से दिया गया हरियाली का संदेश

## पर्यावरण में वृक्षों का भंडार, करता पृथ्वी का श्रृंगार : रोहित कुमार

**अपेम लाइव : बरही**



बरही देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल में ग्रीष्म कालीन अवकाश होने के बावजूद भी बच्चों और शिक्षकों ने पर्यावरण के प्रति अपने जिम्मेदारी को समझते हुए इस पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण के साथ – साथ पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किए । इस इस पर्यावरण दिवस पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि , कुछ दशकों से हमारा पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है। जिससे इस पर रहने वाले जीव जंतु, जलवायु समेत कई चीजें प्रदूषित हो रही है। जिससे सब के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है ।विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि लोगों को इसके प्रति जागरूक करना। ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें ना कि पेड़ों की कटाई करें ।जिस तरह से देश में विकास हो रहा है ,कंस्ट्रक्शन किए जा रहे हैं, उसके बदले कई पेड़ पौधों की कटाई बड़ी मात्रा में कर दी जा रही है। ऐसे में यह जीवनदायिनी पेड़–पौधे ही अगर नहीं रहेंगे तो हम या हमारी आने वाली पीढ़ी कैसे रहेगी। आज पर्यावरण असंतुलन बढ़ता ही जा रहा है ।लगातार बढ़ती आबादी और औद्योगिकरण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन की वजह से आज वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है ।इस असंतुलन की वजह से बाढ़ ,भूकंप भूस्खलन ,समुद्र का जलस्तर बढ़ना ,कहीं अधिक बारिश, कहीं सूखा जैसी कई प्राकृतिक आपदाएं मानव को झेलना पड़ रहा है। वृक्ष हमारी धरोहर है इसकी रक्षा करना, वृक्षारोपण करना हम सब का उत्तरदायित्व है ।पर्यावरण की बढ़ती समस्या का हल तभी निक. ला जा सकता है ,जब हर एक नागरिक अपनी–अपनी भूमिका तय करें ।साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण समस्याओं से लड़ने के लिए स्कूल स्तर पर शिक्षा प्रणाली को ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक बढ़ाने की जरूरत होगी। तभी हम मानव अस्तित्व को बचा सकते हैं ।इसके लिए बच्चों के साथ साथ अभिभावक गण को भी साथ होने की जरूरत है। इसे अनुकूल बनाने के संकल्प का दिन है विश्व पर्यावरण दिवस। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं में रिया रानी, कल्पना कुमारी, परी पांडे, सुभंती, अनीशा एवं प्रिंस कुमार शामिल है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर किया

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम घुटुआ (लातेहार) में पीरामल संस्था के अनामाया गांधी फैलो- हेमलता,सृजानी, प्रतीक, रत्नांका, आरती और तेजस्विनी परियोजना की किशोरियों के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें ग्रामीणों के बीच पर्यावरण को बचाने हेतु प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया गया। वहीं उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा में अपना सहयोग करने की सहमति दी। साथ ही सभी गांधी फेलो ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पर्यावरण सुरक्षा हेतु पौधा रोपण भी किया जिसमें आम, सीसल, कटहल, लीची आदि के पौधों का रोपण किया गया, ग्रामीणों ने इन पौधों की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी ली और पर्यावरण को बचाने की शपत ली।इस मौके पर मोंगर ग्राम पंचायत की मुखिया रमली देवी, तेजस्विनी परियोजना के मिथलेश शर्मा, कृष्ण यादव, राजकुमार, जया कुमारी, सुनैना एवम् रावली मिश्रा उपस्थित थे।

## सप्ताहिक सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : उपायुक्त और बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के निर्देशानुसार सोमवार को सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन पंचायत स्तरीय पंचायत सचिवालय सभागार में आयोजित कि गई।जहां बेतला पंचायत सचिवालय के सभागार में पंचायत के जनप्रतिनिधि मुखिया मंजू देवी, पंचायत सचिव फेकू मोची, रोजगार सेवक ताहिर हुसैन की मौजूदगी में विभिन्न गांवों से आये हुए ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत हुए।इस दौरान मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह,आवास मित्र उमेश कुमार बैठा, अख्तर हुसैन, ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, अकरम अंसारी, प्रमोद रजक, रामनिवास पाठक, विक्रम राम समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बीएस कॉलेज के बच्चों पेड़ पर रक्षा सूत्र बांध बचाने का लिया संकल्प

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : विश्व पर्यावरण दिवस पर सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वधान में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ,राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी नवल किशोर प्रसाद एवं एनएसएस के छात्र छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही साथ स्वयंसेवकों के द्वारा महाविद्यालय में मौजूद पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षित एवं विकसित करने का शपथ लिया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री तिवारी ने स्वयंसेवकों को अपने अपने घरों में पौधा लगाने निर्देश दिया। स्वयंसेवकों में अनु कुमारी रविंद्र कुमार सिंह आरती कुमारी कविता कुमारी सोनम कुमारी मनीषा कुमारी शीतल कुमारी सोहन तिग्गा सुकांति अर्चना कुमारी सुरेश उरांव ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**अपेम लाइव : बिरनी**



पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 421 दिनांक 26 मई2023 के आदेशानुसार बिरनी प्रखण्ड के पंचायत भवन अरारी में चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो कार्यक्रम का शुरुआत किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं को माहवारी से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया गया व पंचायत के हर गांव में इस तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं के बीच जागरुकता लाया जाएगा इस अवसर पर अरारी पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव उप मुखिया जितेंद्र यादव जल सहिया अंजली देवी सहिया गीता देवी सेविका कंचन कुमारी झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी से कौशल्या देवी शीला देवी समेत दर्जनों महिला उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने निकाली गई साइकिल यात्रा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मिशन लाइफ स्टाइल अभियान के तहत जिले में वन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से जागरुकता को लेकर एक नई पहल की गई। सोमवार को साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डीएफओ रौशन कुमार के नेतृत्व में साइकिल यात्रा निकाली गई। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा संचालित मिशन लाइफ के तहत मानव जीवन को प्रकृति के अनुकूल बनाने के लिए 7 बिंदुओं पर फोकस कर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बिंदु पर्यावरण को संरक्षित करते हुए मानव जीवन को प्रकृति संरक्षण के अनुकूल बनाना है। वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गई है।

मनुष्य की जीवन शैली में आए बदलाव और अंधाधुंध ईंधन से चलने वाले वाहनों के उपयोग के कारण पर्यावरण काफी प्रदूषित हो रहा है। इसी खतरे से बचाने के लिए लातेहार में वन विभाग और पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से लोगों को जागरुक करने के लिए साइकिल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से लोगों को बताया गया कि अति आवश्यक होने पर ही इंधन से चलने वाले वाहनों का उपयोग करें।मामूली दिनचर्या के कार्य के लिए साइकिल का उपयोग करना पर्यावरण के साथ-साथ मानव शरीर के लिए भी काफी फायदेमंद है। इस संबंध में लातेहार वन प्रमंडल पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत 7 बिंदुओं पर लोगों को जागरुक करना पर्यावरण को संरक्षित करना है। मिशन लाइफ के पहले फेज का आज अंतिम दिन है. अंतिम दिन उन लोगों के द्वारा साइकिल यात्रा निकालकर लोगों को साइकिल चलाने के प्रति जागरुक किया गया।डीएफओ ने बताया कि जिस प्रकार वर्तमान समय में इंधन का दुरुपयोग हो रहा है उससे आने वाले भविष्य में समाज के समक्ष एक विकट समस्या उत्पन्न हो सकती है। आने वाले समस्या से निपटने के लिए हमें अभी से ही तैयार रहने की जरूरत है, ताकि आने वाले पीढ़ी सुरक्षित रह सके। डीएफओ ने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्यावरण को स्वस्थ रखना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ के तहत लोगों को योग के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से अपने शरीर को चुस्त-दुरुस्त रख सके।

## उपायुक्त ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पोशाक वितरण , छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन योजना के क्रियान्वयन समेत शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया बैठक में विद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति के बारे जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने सभी प्रखंडों में ई विद्यावाहिनी से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी छात्रों को पोशाक एवं छात्रवृत्ति योजना के लाभ से जोड़ना सुनिश्चित करें स उपायुक्त लातेहार ने निर्देश दिया कि विद्यालयों का सही तरीके से संचालन कर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें स उन्होंने पठन -पाठन एवं रिजल्ट में सुधार हेतु विभिन्न दिशानिर्देश दिया सबैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (मध्याह्न भोजन) योजना की समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि इस योजना का विद्यालय स्तर पर सही तरीके से क्रियान्वयन कर छात्रों को इसका समुचित लाभ छात्रों को प्रदान करें सउपायुक्त ने विद्यालय स्तर पर एल्बेण्डाज०ल एवं आयरन की गोली के वितरण के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि छात्र -छात्राओं के द्वारा इसका सेवन भी सुनिश्चित करायें सबैठक में उप, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलको, एडीपीओ, एपीओ ,सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

## बिना पेड़ के जीवन की कल्पना ही अधूरी है : अखिल कुमार

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा आज व्यवहार न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के सान्निध्य में पौधा रोपण के कार्यक्रम आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। प्रभारी प्रधान जिला सह सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार, प्रधान जज कुटुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार दास के द्वारा पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर श्री कुमार ने जीवन में पेड़ पौधों कि उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। वही उन्होंने ने कहा कि बिना पेड़ के जीवन की कल्पना ही अधूरी है। साथ ही उन्होने ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए अगर हम आने वाले पीढ़ियों को विरासत में कुछ दे पाए तो शुद्ध पर्यावरण से बेहतर कुछ नहीं है।इस मौके पर लातेहार सीजेएम अब्दुल नसीर एसीजेएम शशी भूषण शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार स्वाति विजय उपाध्याय, एसडीजेएम मिथलेश कुमार, प्रभारी न्यायाधीश राहुल कुमार सहित व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलवी मिथलेश कुमार राम नीरज कुमार इत्यादी उपस्थित रहे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## करणपुरा महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**




करणपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आम का पौधा लगाया गया। साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए जाली व्यवस्था की गई। प्रोफेसर सुरेश महतो ने कहा कि बरसात के समय परती भूमि, बंजर भूमि, तालाब के मेड पर और नदी के किनारे बरगद, पीपल व नीम का पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जिससे जगह को हरा भरा बनाया जा सके। जीवन को हरा करना है तो मानसून को पहचाने और एक पौधा लगाएं। पौधा लगाकर अपनी जिंदगी में स्वर्ग का सुख पाए। औद्योगिकरण के कारण पेड़ काटे जा रहे हैं जिससे पर्यावरण विषाक्त गैसों से भरा जा रहा है। पर्यावरण का समस्या बड़कागांव में भयंकर रूप दिन प्रतिदिन लेते जा रही है, पेड़ों की कटाई जितनी होती है उतनी पेड़ नहीं लगाए जाते हैं। स्वयंसेवकों ने कहा कि खाली जगह में पेड़ लगाना चाहिए एवं पर्यावरण के प्रति सजग रहना जरूरी है। बच्चों के जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाएं इससे पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा। गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगा देते हैं जिससे मशरूम एवं पेड़ पौधे नष्ट होते हैं। इसे सुरक्षा एवं लोगों में जागरूकता की आवश्यकता है। मौके पर प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर सुरेश महतो, प्रोफेसर मोहम्मद फख्रउद्दीन, धनुनाथ महतो, योगेंद्र कुमार, स्वयंसेवक रंजन कुमार, सचिन कुमार, बृजेश कुमार, राहुल कुमार, बबलू कुमार, आंचल कुमारी, विद्या कुमारी, बबीता कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## दुलारचंद बने झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**



झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता टेकोचंद महतो व संचालन दुलारचंद प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक महमूद आलम शामिल हुए। बैठक में पूर्व गठित कमेटी को भंग करते हुए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दुलारचंद प्रसाद, उपाध्यक्ष इफ्तार अंसारी, सचिव मदन राम, महामंत्री जगरनाथ महतो, संगठन सचिव मेघलाल साव तथा जमीरउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष रामजनम राय तथा द्वारिका साव और मीडिया प्रभारी अमूल्यचंद पांडेय मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में मुस्तकीम अंसारी, रामेश्वर यादव, गिरजा साव, मजबूल अंसारी, हमिद अंसारी, सदीक अंसारी, हफिज अंसारी, शमशूल खान, दिलेर आजाद, पार्वती देवी, सुशील महतो आदि का मनोनयन किया गया।

## आठवीं बोर्ड में एम्बिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतर प्रदर्शन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**




एम्बिशन पब्लिक स्कूल के सभी छात्र –छात्राएं कक्षा आठवी बोर्ड की परीक्षा में ए प्लस और ए ग्रेड से सफल हुए। विद्यालय से कुल 20 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिये थे। जिसमें सभी छात्र–छात्राओ ने सफलता हासिल किए। ए प्लस ग्रेड लाने वाले छात्र–छात्राओं का नाम अंशी कुमारी, रिया कुमारी, सालोनी कुमारी, आरती कुमारी, अनीश कुमार, शिवम कुमार, चंदन कुमार, धीरेंद्र कुमार, मितलेश कुमार, खुशी कुमारी, अनीश कुमार, और ए ग्रेड लाने वाले विद्यार्थियों का नाम नारायण कुमार, चंदन कुमार, नितेश कुमार, करण कुमार, अभिजीत कुमार, विशाल कुमार, नीलम कुमारी इत्यादि हैं। संस्थान के निदेशक विवेक कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार मंडल, उपप्रचार्य कृष्ण कुमार वर्मा, सुशांत कुमार पाठक, कुणाल गोस्वामी, शशि सुमन, दीपक वर्मा, रोहित वर्मा, अकाश कुमार, राजेश रजक, डिलेश्वर कुमार, रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, कोमल कुमारी, प्रिया दूबे, लक्ष्मी कुमारी आदि सभी ने सफल छात्र छात्राओं को सफलता की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।







